Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite railway line projects in Amrawati Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, हमारे महाराष्ट्र में, अमरावती में, जिस जिले से मैं बिलॉन्ग करती हूं, उसमें 150 साल पुराना जो रेलवे मार्ग है, वह आदिवासी क्षेत्र में है और ब्रिटिश काल से वह रेलवे ट्रैक है। आज उस रेलवे ट्रैक का मार्ग अकोला, अकोट, तेलई, धुलगांव, डबका है। उस रेलवे स्टेशन का नाम खंडवा-अकोला मार्ग दिया गया है। बहुत सालों से इसके ऊपर तैयारी शुरू हो चुकी है, रेल विभाग ने इसे परमीशन दी है, दस साल तक परमीशनें लेने के बाद कहीं न कहीं इसका काम लग सका है और इसका मार्ग ओपन हो चुका है।

मेरी आपसे यह विनती है कि इतने सालों से यह मार्ग, जो कि एक ब्रॉड-गेज मार्ग है, यह बहुत सालों से पेंडिंग है। इसे हमें जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए और आदिवासी लोगों को न्याय देना चाहिए। इसे न्याय देने का एक कारण है। हमारे महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री ने केन्द्र सरकार के रेलवे डिपार्टमेंट को एक पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने ब्रॉड गेज की इस पटरी को डायवर्ट करने की और दूसरे मार्ग से ट्रेन चलाने की इन्होंने परमीशन मांगी है।

मैंने माननीय मंत्री, पीयूष साहब को भी इसके लिए पत्र दिया है कि जल्द से जल्द इसके ऊपर काम किया जाए और जो पत्र आया है, उसे देखकर लगता है कि हमारे सीएम साहब आदिवासियों के विरोध में हैं। अपने कई पॉलिटिकल एमपीज़ के फेवर में बात कर के इस रूट को चेंज किया जाएगा।

मैं मंत्री महोदय से आपके माध्यम से विनती करना चाहूंगी कि यह रूट ऐसे ही रखा जाए और आदिवासी लोग, जो मजदूर दूसरे राज्यों में काम करने के लिए जाते हैं, यह रूट ऐसे ही रखकर उन्हें न्याय दिया जाए। जो शकुंतला रेलवे लाइन है, वह बहुत सालों से बंद पड़ी है। इसकी रिपेयरिंग के लिए रेलवे डिपार्टमेंट ने कहा है कि

इसको बंद कर के हमें इसकी रिपेयरिंग या और कोई काम करना है, लेकिन उसमें कुछ ट्रस्ट्स और एब्रॉड एनआरआईज़ के कुछ शेयर्स हैं, इसलिए वे उसे रिपेयर नहीं कर सकते।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करती हूं कि जिस परिस्थिति में शकुंतला रेलवे लाइन हमारे तालुकाओं को जोड़ने का काम कर रही है और किसानों को इससे अपना सामान एक तालुके से दूसरे तालुके में ले जाने में मदद मिलती है। शकुंतला रेलवे लाइन जिस पोज़ीशन में है, जिस परिस्थिति में है, उसे जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

माननीय सभापति:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती नवनित रवि राणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

प्लीज़**,** समय सीमा का कृपया ध्यान रखें।

…(व्यवधान)